# University in News on 15 October 2023

## HINDUSTAN PAGE 6

# एलयू: 16 से 20 तक ओरिएंटेशन वीक

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 16 से 20 अक्टूबर तक ओरिएंटेशन वीक (अभिमुखीकरण सप्ताह) का आयोजन किया जाएगा। इसी सप्ताह में लगभग हर विभाग के पीजी छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम पूरा हो सकेगा। इस संबंध में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू ने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों, निदेशकों और समन्वयकों को पत्र लिखा है। जारी पत्र में उन्होंने 16, 17 व 18 अक्टूबर को कला संकाय और 19 व 20 अक्टूबर को विज्ञान संकाय के विभागों के ओरिएंटेशन प्रोग्राम के लिए तय किया गया है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू ने बताया कि 16 अक्टूबर को हिंदी, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अरब कल्चर, आचार्य, अरेबिक, कंपोजिट हिस्ट्री या वेस्टर्न हिस्ट्री, पत्रकारिता और जनसंचार, ललित कला, प्रोफिशिएंसी इन फ्रेंच, मनोविज्ञान और अनुवाद के प्रथम वर्ष के छात्रों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम होगा। 17 अक्टूबर को अंग्रेजी, समाज कार्य, आलिम, मानवशास्त्र, सीसीजेए, मूर्तिकला, कमर्शियल आर्ट, रक्षा अध्ययन, अस्पताल प्रशासन, लाइब्रेरी साइंस, लोक प्रशासन, जनसंख्या अध्ययन और महिला अध्ययन का होगा। 18 अक्टूबर को अर्थशास्त्र, एमआईएच, डिजास्टर रिलीफ, भूगोल, शारीरिक शिक्षा, पर्शियन, दर्शनशास्त्र, लिंग्विस्टिक, संस्कृत और उर्दू विभाग के पीजी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम रखा जाएगा।

**विज्ञान संकाय के विभागों का ओरिएंटेशन 19 व 20 को :** अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बताया कि 19 को गणित, फॉरेंसिक साइंस, भूविज्ञान, रसायन विज्ञान, पर्यावरणीय अध्ययन और मॉलिक्यूलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जबकि 20 अक्टूबर को बॉटनी, भौतिक, जंतु विज्ञान, बायोकेमेस्ट्री, एप्लाइट जियोलॉजी और कंप्यूटर साइंस विभाग के पीजी प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम होगा।

## स्टार्टअप्स ने अपने प्रोडक्ट का दिया प्रस्तुतीकरण

लखनऊ। एकेटीयू स्थित इनोवेशन हब में शनिवार को स्टार्टअप संवाद कार्यक्रम के पहले दिन 20 स्टार्टअप्स ने अपने प्रोडक्ट के बारे में वाधवानी फाउंडेशन के सामने प्रस्तुति दी। इस दौरान स्टार्टअप्स ने अपने प्रोडक्ट के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उनका प्रोडक्ट, किस प्रकार समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करेगा यह भी जानकारी दी। इस मौके पर निवेशक विजन स्टार्टअप के निदेशक सुधांशु रस्तोगी मौजूद रहे। उन्होंने स्टार्टअप को बहुत ही बारीकी से परीक्षण किया। वहीं वाधवानी फाउंडेशन के केदार विश्वजीत कुलकर्णी ने भी स्टार्टअप को सराहा। यह सभी स्टार्टअप्स रविवार को प्रदर्शनी में अपना प्रस्तुति देंगे। इस दौरान एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, इनोवेशन हब के हेड मोहित सिंह, मैनेजर वंदना शर्मा मौजूद रहीं।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## मूटकोर्ट : सेमीफाइनल में पहुंचीं चार टीमें



लखनऊ। लविवि के जानकीपुरम स्थित नवीन परिसर में आयोजित चतुर्थ राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न राज्यों की 35 टीमों ने प्रतिभाग किया। दो चरणों में कठिन मूल्यांकन के बाद आठ टीमों ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। क्वार्टर फाइनल के बाद चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं। मूट कोर्ट में निर्णय लेने वाले न्यायाधीशों को विधि संकाय के डीन प्रोफेसर डॉ. बंशीधर सिंह ने सम्मानित किया। आयोजक डॉ. राधेश्याम सिंह ने बताया कि रविवार को फाइनल में चुनी टीमों के बीच प्रतियोगिता होगी। (संवाद)

## लविवि : 16 से 20 तक ओरिएंटेशन वीक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों के लिए 16 से 20 अक्तूबर तक ओरिएंटेशन वीक (अभिमुखीकरण सप्ताह) का आयोजन किया जाएगा। डीएसडब्ल्यू प्रो. संगीता साहू ने सभी विभागाध्यक्षों, निदेशकों और समन्वयकों को पत्र जारी करते हुए 16, 17 व 18 अक्तूबर को कला संकाय और 19 व 20 अक्तूबर को विज्ञान संकाय के विभागों के ओरिएंटेशन प्रोग्राम तय किया है। (संवाद)

## JAGRAN CITY PAGE III

## लवि : मूट कोर्ट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचीं टीमें

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रही राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रारंभिक दौर के साथ शुरू हुई। दो चरणों में मूल्यांकन के बाद आठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंची। फिर क्वार्टर फाइनल के बाद चार टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। तय कार्यक्रम के अनुसार सेमीफाइनल और फाइनल रविवार को होगा। विजेताओं को समापन समारोह में सम्मानित भी किया जाएगा। मूट कोर्ट में निर्णय लेने वाले न्यायाधीशों को विधि संकाय के प्रमुख और डीन प्रोफेसर डा. बंशीधर सिंह और लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन के शिक्षक समन्वयक डा. राधेश्याम प्रसाद ने सम्मानित किया।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

## लविवि में राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में 35 टीम शामिल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में चतुर्थ राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को हुआ। प्रारंभिक दौर में देश के विभिन्न राज्यों की 35 टीमों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। दो चरणों में कठोर मूल्यांकन के बाद, आठ टीमों ने क्वार्टर-फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। क्वार्टर फाइनल के बाद चार टीमों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तय कार्यक्रम के अनुसार सेमीफाइनल, फाइनल और समापन समारोह कल आयोजित किया जाएगा। मूट कोर्ट में निर्णय लेने वाले न्यायाधीशों को विधि संकाय के प्रमुख और डीन प्रो. बंशीधर सिंह और लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन के शिक्षक समन्वयक डॉ. राधेश्याम प्रसाद द्वारा सम्मानित किया गया।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# यूजी और पीजी में दाखिले के लिए आज अंतिम अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक एवं परास्नातक में छात्र-छात्राओं के लिए दाखिला लेने के लिए आज अंतिम दिन है। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलयूआरएन पोर्टल खोल दिया है। पोर्टल रविवार की मध्यरात्रि तक खुला रहेगा।

बता दें कि 3 अक्टूबर को लविवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने संबद्ध महाविद्यालयों के प्रबंधकों और प्राचार्यों के साथ बैठक की थी।



**लविवि**

- **लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर पोर्टल तीन दिन के लिए खोला गया था**
- **आज मध्यरात्रि से हो जाएगा बंद, लविवि से संबद्ध महाविद्यालयों ने शुरू कर दी थी कवायद**

बैठक में भी एलयूआरएन (लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर) पोर्टल बंद होने का मुद्दा उठा था। कुछ महाविद्यालय के प्रबंधकों और प्राचार्यों ने कहा था कि पोर्टल बंद होने के कारण दाखिले नहीं हो पा रहे हैं। संबंद्ध महाविद्यालयों और छात्र-छात्राओं के अनुरोध पर एलयूआरएल पोर्टल 12 अक्टूबर से खोल दिया गया था। पोर्टल आज मध्यरात्रि तक खुला रहेगा। संबंद्ध महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का दाखिला लेने के लिए आज अंतिम अवसर है।

## मूट कोर्ट में चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंची

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की विधि संकाय में आयोजित चतुर्थ मूट कोर्ट प्रतियोगिता में शनिवार को चार टीमें क्वार्टर सेमी फाइनल में पहुंची। मूट कोर्ट में विभिन्न राज्यों की 35 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। दो चरणों में कठोर मूल्यांकन के बाद आज आठ टीमों ने क्वार्टर-फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। क्वार्टर फाइनल के बाद चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंची। रविवार को सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला होगा। मूट कोर्ट में निर्णय लेने वाले न्यायाधीशों को विधि संकाय के प्रमुख और डीन प्रोफेसर डॉ. बंशी धर सिंह और लखनऊ विश्वविद्यालय मूट कोर्ट एसोसिएशन के शिक्षक समन्वयक डॉ. राधेश्याम प्रसाद ने सम्मानित किया।